>

Title : Need to undertake repair of Railway under-bridge at Utaran in Surat, Gujarat.

श्रीमती दर्शना जरदोश (सूरत): महोदय, सूरत शहर में वेस्टर्न रेलवे के अंतर्गत उतराण रेलवे अन्डर पास पिछले कई महीनों से जर्जर अवस्था में है और इस ब्रिज के नीचे से आवाजाही न करें, ऐसा सूचना पट लगाकर बंद किया गया है। लेकिन उस पर से सभी प्रकार की ट्रेनें गुजर रही हैं, जो रेलवे ब्रिज नीचे से आवाजाही के लिए सुरक्षित नहीं है उसके उपर से दिन में जो ट्रेनें पास होती हैं उनके लिए वह कैसे सुरक्षित हो सकता है। यह लोगों की जिन्दगी से खिलवाड़ है। तीन महीनों से बंद करने के बाद भी उसकी मरम्मत करने की कोइ कार्यवाही शुरू नहीं की गई है। क्या हम किसी दुर्घटना होने की राह देख रहे हैं। मेरी यह मांग हे कि उतराण रेलवे ब्रिज की तुरन्त मरम्मत करवायी जाये ताकि ट्रेनों को और लोगों को दुर्घटना से बचाया जाये।